# 1. रासायनिक अभिक्रिया और समीकरण

1. **दी गई नीचे अभिक्रिया के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?$2PbO(s) + C(s) \rightarrow 2Pb(S) + CO_2(g)$**
2. (a) सीसा अपचयति हो रहा है।
3. (b) कार्बन डाइऑक्साइड उपचयित हो रहा है।
4. (c) कार्बन उपचयित हो रहा है।
5. (d) लेड ऑक्साइड अपचयित हो रहा है।
6. (i) (a) एवं (b)
7. (ii) (a) एवं (C)
8. (iii) (a), (b) एवं (C)
9. (iv) सभी

**ANS :- (i) (a) एवं (b)**

2. **$Fe_2O_3 + 2Al \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$ ऊपर दी गई अभिक्रिया किस प्रकार की है?**

(a) संयोजन अभिक्रिया

(b) द्विविस्थापन अभिक्रिया

(C) वियोजन अभिक्रिया

(d) विस्थापन अभिक्रिया

**ANS :- (d) विस्थापन अभिक्रिया**

3. **निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक परिवर्तन नहीं है?**

(a) जल के क्वथन पर जलवाष्प का बनना

(b) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन

(c) जल में लवण का विलेय होना

(d) बर्फ के गलन पर जल का बनना

(b) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन

**ANS :- (b) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन**

4. **निम्नलिखित में से कौन-से प्रक्रम में रासायनिक अभिक्रियाएँ होती हैं?**

(a) एक गैस सिलेंडर में निम्न दाब पर ऑक्सीजन का भंडारण

(b) वायु का द्रवीकरण

(c) उच्च ताप पर वायु की उपस्थिति में कॉपर की तार को गरम करना

(d) खुले में पेट्रोल रखना

**ANS :- (c) उच्च ताप पर वायु की उपस्थिति में कॉपर की तार को गरम करना**

5. **जल का विद्युत-अपघटन एक अपघटन अभिक्रिया है। जल के विद्युत-अपघटन में मुक्त हुई हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन गैस का मोलर अनुपात है**

(a) 1:1

(b) 4:1

(c) 1:2

(d) 2:1

**ANS :- (d) 2:1**

6. **मैग्नीशियम ऑक्साइड का रासायनिक सूत्र क्या है?**

(a) Mg20

(c) Mg(OH)2

(b) MgO2

(d) MgO

**ANS :- (d) MgO**

7. **कौन सा रासायनिक अभिक्रिया का उदाहरण है?**

(a) दही का बनना

(b) भोजन का टूटना

(c) किण्वित अंगूर

(d) उपरोक्त सभी

**ANS :- (d) उपरोक्त सभी**